कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजेश कुमार सैनी पुत्र श्री कजोड मल सैनी निवासी 36, वार्ड नंबर 4, केसरीसिंहपुरा तहसील बसवा जिला दौसा 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 58/2025

निर्णय

दिनांक 28.07.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/1694 दिनांक 01.07.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई ने पत्र कमांकः आरटीआई/2025/428 दिनांक 04.07.2025 द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। लोक सूचना अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अति. जिला कलक्टर दौसा से पत्र कमांकः1818 दिनांक 14.7.2025 के द्वारा रिपोर्ट चाही गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकःचुनाव/आरटीआई/2025 3381 दिनांक 16. 7.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:58:10 IST
Reason: SelfAttested